माँ तेरी किरपा से तेरे मंदिर आया हूँ

माँ तेरी किरपा से, तेरे मंदिर आया हूँ,
मेरी कर सुनवाई माँ, मैं दुखिया आया हु,
माँ तेरी किरपा से......

जय माँ शेरावाली, ऊँचे पहाड़ो वाली,
जय माँ ज्योतावाली, जय माँ मेहरावाली।।

जब नाम लिया मैंने, बड़ा सुकून पाया है,
तेरी किरपा से ओ माँ, ये धुप भी छाया है,
मुझको हँसा दे माँ, रोते हुए आया हु,
माँ तेरी किरपा से......

कहने को अपने है, सब साथ नहीं पाया,
मैं कैसे बताऊ माँ, कुछ कर ही नहीं पाया,
मेरी आस जगा दे माँ, दुनिया से सताया हूँ,
माँ तेरी किरपा से......

जय माँ शेरावाली, ऊँचे पहाड़ो वाली,
जय माँ ज्योतावाली, जय माँ मेहरावाली।।

तेरी इतनी दया हो माँ, जीने को काफी है,
अपनी गलती की माँ, माँगता "अजय" माफ़ी है,
आके चरणों में माँ, मैं खुशिया पाया हूँ,
माँ तेरी किरपा से......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31715/title/maa-teri-kirpa-se-tere-mandir-aaya-hu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |